medicare

# Mental Health Kids Hubs



# बच्चों और परिवारों के लिए नि:शुल्क कल्याण **सहायता**

**मेडिकेयर मेंटल हेल्थ किड्स हब्स 0 से 12 साल तक के बच्चों और उनके परिवारों, देखभालकर्ताओं और परिजनों के लिए एक सुरक्षित और स्वागतपूर्ण स्थान प्रदान करते हैं, जहाँ वे मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण से जुड़ी सेवाएँ और सहायता निःशुल्क प्राप्त कर सकते हैं।**

किसी किड्स हब में सेवाएँ या सहायता प्राप्त करने के लिए आपको किसी निदान या रेफ़रल की आवश्यकता नहीं है।

चाहे आप सहायता प्राप्त करना चाहते हों, अपने बच्चे के कल्याण से संबंधित प्रश्न पूछना चाहते हों, या बस किसी से बात करना चाहते हों – मेडिकेयर मानसिक स्वास्थ्य किड्स हब्स आपके लिए यहाँ हैं।

## मैत्रीपूर्ण वातावरण में नि:शुल्क कल्याण सहायता

किड्स हब्स उन बच्चों के लिए हैं जो निम्न से लेकर मध्यम स्तर तक के विकासात्मक, भावनात्मक, आपसी रिश्ते से संबंधित और/या व्यवहार संबंधी चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। अनुभवी कर्मचारी बच्चों और उनके परिवारों की बात सुनने, उन्हें समझने और एक मैत्रीपूर्ण और समावेशी वातावरण में सहायता करने के लिए यहाँ हैं।

## मेडिकेयर मानसिक स्वास्थ्य किड्स हब्स किस तरह से सहायता कर सकते हैं

चाहे आपका बच्चा किसी-भी स्थिति से गुज़र रहा है, आपको अकेले ही इसका समाधान/निराकरण करने की आवश्यकता नहीं है। बच्चों और उनके परिवारों के स्वस्थ विकास और भावनात्मक कल्याण में सहायता करने के लिए विभिन्न सेवाएँ और कार्यक्रम उपलब्ध हैं, जिनमें शामिल हैं:

- देखभाल समन्वय
- उपचार और थिरेपी
- प्रारंभिक आकलन
- नैदानिक सेवाएँ
- माता-पिता द्वारा पालन-पोषण, परस्पर लगाव, आपसी रिश्ते और पारिवारिक व्यवस्था में सहयोग करना।

किड्स हब्स बच्चों और उनके परिवारों को उनकी आवश्यकताओं और प्राथमिकताओं के आधार पर उन अन्य सेवाओं से भी जोड़ सकते है जो उनकी सहायता कर सकती हैं।

मेडिकेयर मानसिक स्वास्थ्य किड्स हब्स ऑस्ट्रेलियाई सरकार द्वारा राज्यों और टेरिटरीज़ के सहयोग से चलाए जाते हैं।

## मैं किड्स हब के माध्यम से कौन-सी सेवाएँ प्राप्त कर सकता/सकती हूँ?

किड्स हब्स अनेक प्रकार के स्वास्थ्य पेशेवरों की सेवाएँ प्रदान करते हैं जैसे कि:

- बाल रोग विशेषज्ञ
- मनोचिकित्सक
- मनोवैज्ञानिक
- सामाजिक कार्यकर्ता
- वाणी रोग विशेषज्ञ
- व्यावसायिक (occupational) थिरेपिस्ट
- मूलनिवासी (Aboriginal) स्वास्थ्य कार्यकर्ता
- आहार विशेषज्ञ
- नर्सिंग स्टाफ़
- समान अनुभव वाले कार्यकर्ता
- परिवार सेवाओं के कार्यकर्ता।

प्रत्येक किड्स हब में प्रदान की जाने वाली सेवाएँ और सहायताएँ स्थानीय समुदाय की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए निर्धारित की जाती हैं और स्थान के अनुसार भिन्न हो सकती हैं। अधिक जानकारी के लिए अपने स्थानीय किड्स हब से संपर्क करें।

## अपने निकटतम मेडिकेयर मानसिक स्वास्थ्य किड्स हब को कैसे खोजें

अपने निकटतम किड्स हब को खोजने के लिए 1800 595 212 (सप्ताह के दिनों में सुबह 8:30 बजे से शाम 5 बजे तक, सार्वजनिक छुट्टियों के अलावा) कॉल करें या medicarementalhealth.gov.au/kidshubs पर जाएँ

मेडिकेयर मानसिक स्वास्थ्य किड्स हब्स कोई संकटकालीन सेवा नहीं है। आपात स्थिति में, हमेशा तीन शून्य (000) पर कॉल करें या सीधे अपने निकटतम आपातकालीन विभाग में जाएँ।